प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गाजर घास जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत लोगों हुए जागरूक

पंतनगर। 19 अगस्त, 2021। विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित एवं खरपतवार विज्ञान निदेशालय, जबलपुर (मध्य प्रदेश) के तत्वाधान में खरपतवार नियंत्रण परियोजना के अन्तर्गत गाजर घास जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में तीसरे दिन का कार्यक्रम व्यावहारिक फसल अनुसंधान उत्पादन केन्द्र एवं चौथे दिन का कार्यक्रम शैक्षणिक पशुचिकित्सालय के समीप कालोनियों में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शोध अधिकारी एवं परियोजनाधिकारी, डा. तेज प्रताप ने गाजर घास से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में उल्लेख किया और बताया कि जिस तरह कोरोना प्रमुखतः श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है, उसी प्रकार गाजर घास के परागकणों श्वसन तंत्र में जाकर श्वास संबंधित बीमारियां उत्पन्न करते है। उन्होंने गाजर घास को नियंत्रित करने की यांत्रिक, रासायनिक एवं जैविक विधियों के बारे में बताया और गाजर घास के प्रबंधन एवं कम्पोस्ट बनाने के तरीकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दीं।

अंत में डा. तेज प्रताप ने गाजर घास के उन्मूलन हेतु सभी की सहभागिता एवं परिसर को गाजरघास मुक्त रखने की बात कही। इस कार्यक्रम में परियोजना के वैज्ञानिक, पी.डी.एफ., एस.आर.एफ, परियोजना सहायक, अन्य वैज्ञानिक तथा केन्द्र के कर्मचारी एवं श्रमिक सम्मलित हुए, जिन्होंने प्रक्षेत्र में उगे हुए गाजर घास को जड़ से उखाड़कर नष्ट किया, जिससे भविष्य में इसका प्रक्षेत्र में फैलाव न हो सके।